कृषक वैज्ञानिक संवाद का हुआ आयोजन

अजमेर, (निसं)। आत्मा योजना अन्तर्गत केवीके तबीजी में कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 25 कृषकों ने भाग लिया। आत्मा की उप निदेशक उषा चितारा ने कृषकों को पोषक तत्व प्रबंधन एवं अन्य विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

उप परियोजना निदेशक आत्मा रामेश्वर लाल गैना ने कृषकों को आत्मा योजना की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी एवं जैविक खेती पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कृषि अनुसंधान अधिकारी कमलेश चौधरी ने कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिश के आधार पर उर्वरक उपयोग और संतुलित पूर्वक उपयोग की जानकारी दी।

उप निदेशक कृषि डॉ. कृष्ण गोपाल छीपा ने कृषकों को ट्राईकोडर्मा एवं अन्य जीव कारकों पर विशेष जानकारी दी। डॉ. साकेत पाठक ने पशुओं मे फैलने वाली बीमारियों एवं रोकथाम पर सविस्तार बताया। मनोज शर्मा ने कृषकों को विभिन्न फसलों में व्याधि नियंत्रण पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. रमाकान्त शर्मा ने अजोला एवं कम्पोस्ट उत्पादन पर प्रकाश डाला। दिनेश कच्छावा ने केवीके की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। रामकरण जाट ने आईपीएम पर और उपवन शंकर गुप्ता ने खरपतवार नियंत्रण पर विस्तृत जानकारी दी।

अजमेर उत्तर ब्लॉक बी की मंडल वाइज बी एल ए की मीटिंग संपन्न

■ पांचों मंडल की बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राजकुमार जयपाल, धर्मेंद्र राठौड़ व रणजीत चंदेलिया सहित अन्य पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर तथा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया

अजमेर(निसं)। कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर ब्लॉक बी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच मंडल इकाइयों के बी एल ए की बैठक मंगलवार को लोहाखान, सिविल लाइन व वैशाली नगर क्षेत्र में अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल, आर टी डी सी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ व अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पी सी सी पर्यवेक्षक रणजीत सिंह चंदेलिया के आतिथ्य में आयोजित की गयी

कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर ब्लॉक बी के ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पांचों मंडल की बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राजकुमार जयपाल, धर्मेंद्र राठौड़ व रणजीत चंदेलिया सहित अन्य पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर तथा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राजकुमार जयपाल ने कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) का जो महत्वपूर्ण कार्य चल रहा है उसमें कांग्रेस के बी एल ए काफी सक्रियता व सजगता से कार्य कर रहे हैं और अजमेर में अभी तक 70 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का कार्य हो चुका है परंतु आने वाले दिनों में हमें और अधिक सक्रियता से कार्य करने की आवश्यकता है ताकि 4 दिसम्बर तक अधिकाधिक मैपिंग का कार्य हो जाए और किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम मतदाता सूची में आने से वंचित ना रहे और कोई भी अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। आर टी डी सी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड ने उपस्थित पदाधिकारियों व बी एल ए को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने इस बार आम कार्यकर्ताओं की भावना से जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है, यह पार्टी का ऐतिहासिक निर्णय है और हमें प्रसन्नता है पार्टी आलाकमान ने अजमेर शहर व देहात में अनुभवी व काम करने वाले साथियों को अवसर प्रदान किया है इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है

धर्मेंद्र राठौड व उत्तर विधानसभा सभा प्रभारी रणजीत चंदेलिया ने एसआईआर को लेकर मंडल के कार्यकर्ताओं और बीएलए को आवश्यक दिशा निर्देश दिये

जिला कलेक्टर ने यूरिया आपूर्ति और योजनाओं की मॉनिटरिंग पर दिए निर्देश

भीलवाड़ा(निसं)। कृषि एवं उद्यान विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं एवं विभागीय योजना की प्रगति की जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने समीक्षा की।समीक्षा के दौरान उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकर सिंह राठौड़ ने वर्तमान में रबी फसल बुवाई, उर्वरकों की उपलब्धता, फसल बीमा, पी एम कुसुम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति से जिला कलक्टर को अवगत कराया।बैठक में जिल कलक्टर संधू ने निर्देशित किया कि वर्तमान में यूरिया खाद की आपूर्ति एवं इसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग की जाए ताकि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी नहीं हो।

'योजना पर्व 2.0' के अंतर्गत अभिव्यक्ति और लेखन कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास और अभिव्यक्ति कौशल को सशक्त करना रहा

अजमेर(कासं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर के योजना मंच के तत्वावधान में आयोजित 'योजना पर्व 2.0' के आयोजन की श्रृंखला में दूसरे दिन के कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास और अभिव्यक्ति कौशल को सशक्त करना रहा। योजना मंच की सचिव रिया पोसवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के तहत आशुलेखन, कहानी लेखन और आशुभाषण तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें महाविद्यालय के लगभग 270 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आशुलेखन प्रतियोगिता में 110 प्रतिभागियों ने 'युवा विचार निर्माण पर सोशल मीडिया का प्रभाव' विषय पर अपनी लेखन क्षमता का प्रदर्शन किया, वहीं कहानी लेखन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने रचनात्मकता दिखाई। इसके साथ ही 62 विद्यार्थियों ने आशुभाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों पर त्वरित विश्लेषण और आत्मविश्वासपूर्ण वक्तव्य कला का परिचय दिया। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. अल्का पंवार, भूपेन्द्र उबाना, डॉ. सुमिता गुरनानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हितेश प्रजापति, अनुराधा भारद्वाज, हार्दिक बरोठिया, कुणाल शर्मा, आयुष तिवारी, गौरव, आदित्य,लोकेश आदि विद्यार्थियों ने सक्रिय योगदान दिया।

प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार बहरवाल ने परिणामों की घोषणा करते हुए सभी विजेता रहे विद्यार्थियों को बधाई दी। आशुलेखन प्रतियोगिता में ऋतंभरा गुप्ता ने प्रथम, प्रदीप सिंह राठौड़ व समन्यु वर्मा ने द्वितीय स्थान, आदित्य तथा गायत्री तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हुनर अग्रवाल व अजीत चौधरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गय। आशुभाषण प्रतियोगिता में महक खंडेलवाल ने प्रथम, खुशी जैन व दीपक कुमावत ने द्वितीय, हुनर अग्रवाल व समन्यु वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मनोज्ञ चिंतन, दीपक जांगिड व कंचन भंवर जोधा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

हेल्पलाइन नंबर 14490 जारी

अजमेर(निसं)। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए नया हेल्पलाइन नंबर 14490 जारी किया है। यह नंबर 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहेगा। यह टोल-फ्री नंबर आयोग की पहले से चालू हेल्पलाइन 7827170170 से जुड़ा हुआ है, जिससे महिलाएं आसानी से और बिना किसी शुल्क के मदद प्राप्त कर सकती हैं। महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी ने बताया कि नया शॉर्ट कोड उन महिलाओं के लिए बड़ी राहत है जो हिंसा, उत्पीड़न या किसी भी तरह की आपात स्थिति का सामना कर रही हों। यह हेल्पलाइन महिलाओं की पहली संपर्क सुविधा के रूप में मार्गदर्शन देने, संबंधित अधिकारियों से समन्वय कराने और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करने का काम जारी रखेगी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने नागरिकों, सामुदायिक संगठनों, संस्थानों और साझेदारों से अपील की है कि इस हेल्पलाइन नंबर को अधिक से अधिक साझा करें ताकि जरूरतमंद महिलाओं तक यह सेवा हर समय पहुंचे।

निशुल्क मिर्गी रोग शिविर में 138 रोगी हुए लाभान्वित

अजमेर,(कासं)। श्री प्राज्ञ मृगी रोग निवारक समिति गुलाबपुरा द्वारा माह के चतुर्थ मंगलवार को आयोजित कैंप संस्था परिसर में लगाया गया।

संस्था के मंत्री पदम चंद खटोड़ ने बताया की कैंप में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी कॉलेज एवं हॉस्पिटल जयपुर के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर आर के सुरेखा ने अपनी सेवाए प्रदान करते हुए 138 मरीजों को सेवा प्रदान की जिसमें 21 नए मरीज थे एवम निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

यह कैंप के स्वर्गीय प्रेम कवर धर्मपत्नी स्वर्गीय जयसिंह चौधरी की पुण्य स्मृति में पुखराज चौधरी व विमला देवी चौधरी द्वारा आयोजित किया गया था।

सफलता की कहानी मन्जू जीनगर की जुबानी

भीलवाड़ा(निसं)। मन्जू जीनगर पत्नी ओमप्रकाश जीनगर निवासी बैरवा समाज का नोहरा, जुनावास भीलवाड़ा ने बताया कि मैं पहले सीट व कार कवर बनाने वाली कम्पनी में काम करती थी। लेकिन मैं अपना स्वयं का काम करना चाहती थी, इसी चक में मुझे पी.एम.अजय योजना के अन्तर्गत मैंने ऋण के लिए अनुजा निगम कलेक्ट्रेट भीलवाड़ा में आवेदन किया।

इस योजना के तहत मुझे बैंक से पहले 1 लाख का ऋण मिला व उसके उपरान्त अनुजा निगम भीलवाड़ा द्वारा मुझे 50 हजार रू. की अनुदान राशि प्राप्त हुई, अब मैंने 2 बड़ी मशीन लगाकर स्वयं से सीट कवर व सोफा कवर बनाना प्रारम्भ किया अब मैं मासिक लगभग 20 हजार रू. आय सृजित करने लगी हु इसके लिए मै राज्य सरकार, जिला प्रशासन व अनुजा निगम को बहुत बहुत धन्यवाद देती हूँ ।

जेएलएन अस्पताल की पीडियाट्रिक बिल्डिंग में लगी आग, मॉकड्रिल

■ मॉकड्रिल के निरीक्षण के दौरान निदेशालय चिकित्सा विभाग की टीम को कई कमियां नजर आईं। इस पर चिकित्सा अधिकारियों को व्यवस्थाएं और बेहतर बनाने के निर्देश जारी किए गए

अजमेर,(निसं)। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल की पीडियाट्रिक बिल्डिंग में मंगलवार को आग लगने और एक बच्चे के फंसे होने की स्थिति को आधार बनाकर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान रेस्क्यू टीम ने बच्चे को लगभग 20 से 25 मिनट में सुरक्षित नीचे उतार लिया।

मॉकड्रिल के निरीक्षण के दौरान निदेशालय चिकित्सा विभाग की टीम को कई कमियां नजर आईं। इस पर चिकित्सा अधिकारियों को व्यवस्थाएं और बेहतर बनाने के निर्देश जारी किए गए। मॉक ड्रिल के अनुसार बिल्डिंग की टेरेस पर आग लगने से एक मासूम बच्चा फंस गया था। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और अग्निशमन विभाग सक्रिय हो गए। एयरलिफ्ट प्रक्रिया सुबह 11 बजकर 36 मिनट पर शुरू हुई। इस दौरान जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया, अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे, उपाध्यक्ष डॉ. अमित यादव सहित चिकित्सा कर्मचारी और फायर टीम मौके पर मौजूद रहे। डॉक्टर और फायर टीम ने करीब 11 बजकर 50 मिनट पर टेरेस पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया और दोपहर 12 बजे तक एयरलिफ्ट के जरिए बच्चे को सुरक्षित नीचे लाकर उपचार के लिए भेज दिया। मॉक ड्रिल में पाई गई खामियों पर कंसल्टेंसी की सहायक निदेशक डॉ. नेहा शर्मा ने बताया कि स्टाफ को पहले ब्रीफ करना आवश्यक था। कम लोगों के टेरेस पर जाने से प्रक्रिया और बेहतर होती। यदि अस्पताल स्टाफ भी शामिल होता तो उन्हें भी व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलता। उन्होंने सुझाव दिया कि मॉक ड्रिल से पहले स्टाफ की ब्रीफिंग की जाए तथा समूहों में कर्मचारियों को शामिल किया जाए ताकि अस्पताल की नियमित सेवाएं बाधित न हों।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी के स्वागत में सैलाब उमड़ा

■ जयपुर से काफिले के साथ रवाना हुए जिलाध्यक्ष चौधरी का बगरू में कार्यकर्त्ताओ ने साफा बंधवाकर हर्ष व्यक्त किया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। अजमेर देहात कांग्रेस नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं किशनगढ़ विधायक डॉ. विकास चौधरी के आगमन पर स्वागत सत्कार के लिये सैलाब उमड़ पड़ा। जयपुर से काफिले के साथ रवाना हुए जिलाध्यक्ष चौधरी का बगरू में कार्यकर्त्ताओ ने साफा बंधवाकर हर्ष व्यक्त किया। बाद काफिले ने जैसे ही अजमेर का रुख किया, कार्यकर्ताओं का उत्साह आसमान छूता हुआ नजर आया। गाडोता, मोखमपुरा, दूदू, पडासोली व दांतरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयकारों के बिच अभिनंदन किया। अजमेर जिले की सीमा में सैकड़ों वाहनों के साथ कार्यकर्ताओं ने इनका स्वागत कर कांग्रेस संगठन की मजबूती और एकजुटता का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। बड़गांव टोल प्लाजा पर एकत्रित विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़, पुष्कर, मसूदा, नसीराबाद व दूदू क्षेत्र के वरिष्ठ नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई तथा विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष विकास चौधरी का ऐतिहासिक स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने साफा, माला, पुष्पवर्षा और पारंपरिक तरीके से अभिनंदन किया।जिलाध्यक्ष डॉ विकास चौधरी ने प्रेस से रूबरू होते हुए कहा कि यह उत्साह व्यक्ति का नहीं, पूरे कांग्रेस परिवार का सम्मान है। मेरा संकल्प है कि बूथ स्तर पर संगठन को इतना मजबूत किया जाएगा कि आने वाले नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों में काग्रेस प्रचंड विजय हासिल कर सके। उन्होंने कहा वर्तमान टीम उत्साही व संगठन को गति देने वाली है, सभी कार्यकर्ताओं, युवाओं और महिलाओं को साथ लेकर संगठन को नई दिशा दी जायेगी। विकास चौधरी ने तेजा धाम सुरसुरा में पूजा-अर्चना कर पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किये। साथ ही अजमेर पहुंच विश्वप्रसिद्ध ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में जियारत कर देश प्रदेश में अमन, चैन और तरक्की की दुआ मांगी। इस दौरान पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड, नवनियुक्त अजमेर शहर जिला अध्यक्ष डॉ राजकुमार जयपाल, पूर्व देहात जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, वाजीद खान चीता,हमीदा बानो, मोहित खंडेलवाल, राहुल चोरड़िया सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में जिला कलेक्टर ने रखी बैठक

डीडवाना(निसं)। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत के द्वारा जिले के विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिला कलेक्टर डॉ खडगावत ने कहा सरकारी कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है। अभी हाल ही में हमने पुलिस लाइन के लिए और पुलिस लाइन की शूटिंग रेंज के लिए और कई थानों को भी जमीन आवंटन का कार्य पूर्ण किया है। इस बार हम यह कर रहे हैं कि जमीन आवंटन के साथ-साथ उनका रजिस्ट्री भी तुरंत करवा रहे हैं। ताकि समस्या किसी को ज्यादा इधर-उधर जाना ना पड़े कम से कम 8 से 10 डिपार्टमेंट ऐसे हैं जिनके पास बजट है, आने वाले महीने-दो महीने में उनके कार्यालय बनना प्रारंभ हो जाएंगे। आवंटन इस प्रकार से किया गया है कि जिले का चहुँमुखी विकास हो। चारों दिशाओं में जमीनों का आवंटन किया गया है और हमने इस चीज़ का भी ध्यान रखा है कि कोई गलत तरीके से इस आवंटन का लाभ ना ले। किसी को वास्तविक लाभ या नेचुरल बेनिफिट मिल रहा है तो मिले। हम लोग 900 से ज्यादा स्कूलों को पट्टे जारी कर चुके हैं और लगभग 1300 कुछ स्कूलें ही अपने जिले में हैं। कुछ स्कूलों के लिए खेल मैदान के लिए भी जमीन हम दे चुके हैं और दे भी रहे हैं। कुछ नई स्कूलें बननी हैं उनके लिए भी हम भूमि दे रहे हैं। हमारा उद्देश्य यही है कि स्कूलों केआज से 50-50 साल से 60-60 साल पुरानी स्कूलें हैं, उनके पास पट्टे नहीं हैं, और पट्टे नहीं होने के कारण वह राज्य सरकार और केंद्र सरकार की कई योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते। कई जगह पर ऐसा आया है कि लैंड उनके नाम से है ही नहीं या कहीं पे कब्ज़ा हो गया है। तो हमने इन सब चीजों को दरकिनार करके इसका स्वामित्व उन स्कूलों को दिया है ताकि अधिकारपूर्ण तरीके से वह किसी भी सरकारी योजना का लाभ ले सके।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में श्रमदान आज

अजमेर(कासं)। वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई वाहन रैली एवं रक्तदान शिविर के बाद बोर्ड कार्यालय की समस्त शाखाओं एवं परिसर की स्वच्छता के लिए स्वच्छता दिवस बुधवार को आयोजित किया जाएगा। बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय में बुधवार को लंच पूर्व समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण अपनी शाखाओं में आंतरिक सफाई, फाईले, रिकॉर्ड सुव्यवस्थित करेंगे। लंच के बाद बोर्ड व रीट कार्यालय परिसर की सफाई के लिए श्रमदान करेंगे। इस संबंध में विभिन्न दलों का गठन किया है। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पठन भी किया जाएगा।

सार-समाचार

कैंसर प्रिवेंशन शिविर में बालिकाओं के टीके लगाये

मदनगंज-किशनगढ़(निसं)। भारत विकास परिषद एवं मार्बल सिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में रतनलाल कंवरलाल पाटनी फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से आयोज्य नि:शुल्क सर्वाइकल कैंसर प्रिवेंशन टीकाकरण शिविर में 603 बालिकाओं को प्रथम डोज के टीके लगाये जा चुके है। अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल व भगवान बाहेती ने बताया की प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक टीका करण किया जा रहा है, प्रथम डोज का टीकाकरण 30 नवम्बर तक करने के साथ दिसम्बर माह से जिन बालिकाओ को प्रथम डोज लगाया गया है ऊन बालिकाओ के द्वितीय डोज लगाया जायेगा। टीकाकरण के लिये बालिका को आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। टीकाकरण माता-पिता की सहमति से ही लगाया जाएगा। प्रथम डोज व द्वितीय डोज के मध्य 6 माह का अंतराल रहेगा। टीकाकरण मार्बल सिटी हॉस्पिटल में कार्यरत स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ शिखा ठाकुर की देखरेख में किया जा रहा है। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा में होता है। गर्भाशय ग्रीवा वह हिस्सा होता है जो गर्भाशय को योनि से जोड़ता है। देश में हर दिन इसकी वजह से करीब दो सौ महिलाओ की मृत्यु हो जाती है। इस हेतु 9 वर्ष से 14 वर्ष की बालिकाओ का सही समय पर वेक्सीनेशन होना अनिवार्य है। शिविर में प्रकल्प प्रभारी सुभाष जामड़, सह प्रभारी विनोद थानवी ने सेवाएं दी।

संभाग स्तरीय वाटरशेड महोत्सव 6 दिसम्बर को

अजमेर, (निसं)। संभाग स्तरीय वाटरशेड महोत्सव 2025 कार्यशाला का आयोजन आगामी 6 दिसम्बर को डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज सभागार में प्रात: 11 बजे से किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम में प्रात: 10 बजे कलश यात्रा एवं रंगोली का आयोजन होगा। महोत्सव के लिए सहायक अभियन्ता शलभ टण्डन को समन्वयक नियुक्त किया गया है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरूवार को

अजमेर, (निसं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरूवार 27 नवम्बर को सायं 5 बजे जिला कलेक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार तंवर ने दी।

27 नवम्बर को अजमेर पहुचेगी यमुना प्रवाह यात्रा

अजमेर,(कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि देश की रियासतों के एकीकरण का महत्वपूर्ण कार्य करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के अवसर यूनिटी मार्च के तहत देश मे एकता संदेश देने के लिए निकाली जा रही यमुना प्रवाह यात्रा की 27 नवम्बर को अजमेर पहुचेगी। सोनी ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देश के चार हिस्सों से केंद्र सरकार चार यात्राएं निकाल रही है। इन यात्राओं के नाम देश की प्रमुख नदियों पर रखे गए हैं। दो यात्राएं गंगा प्रवाह और यमुना प्रवाह यात्रा राजस्थान से होकर निकलेंगी जो 10 जिलों को कवर करेगी। यमुना प्रवाह यात्रा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को जयपुर के अमर जवान ज्योति से फ्लैग ऑफ करेंगे,यह यात्रा जयपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर और सिरोही जिले से होते हुए गुजरात के करमसद पहुंचेगी। जिलाध्यक्ष सोनी ने बताया कि 27 नवंबर सुबह 10 बजे अजमेर मे प्रवेश करेगी जिसका शहर जिला अजमेर द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन व विद्यार्थी सम्पर्क का कार्यक्रम अम्बेडकर सभागार, जे.एल.एन मेडिकल कॉलेज अजमेर मे किया जायेगा जिसमें अजमेर के सभी जनप्रतिनिधि व विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का यात्रा कार्यक्रम

अजमेर, (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का बुधवार 26 नवम्बर को अजमेर आने का कार्यक्रम है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि वे प्रात: 11 बजे महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत वे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती में 137 का चयन

अजमेर,(निसं)। सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती शिविर में 137 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग के संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए तहसील स्तर पर भर्ती चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है। मंगलवार 25 नवम्बर को राजकीय आईटीआई अजमेर में आयोजित परीक्षा में 375 युवाओं ने भाग लिया। मापदंडों के आधार पर नीमच से आए भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह सिनसिनवार ने 137 युवाओं का चयन किया। बुधवार 26 नवम्बर को परीक्षा राजकीय महिला आईटीआई अजमेर में आयोजित की जाएगी। वरिष्ठ भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह और सहायक भर्ती अधिकारी रामेश्वर लाल प्रजापति ने बताया कि शारीरिक मापदंडों के आधार पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संबंधित आईटीआई में प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक भर्ती परीक्षा रहेगी। अभ्यर्थी की लंबाई 168 सेमी, वजन 56 से 90 किलो, उम्र 19 से 40 वर्ष तथा 80-85 सीना माप वाले दसवीं उत्तीर्ण, अनुत्तीर्ण और ग्रेजुएट अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। जिले में एवं जिले के बाहर कार्य करने के इच्छुक चयनित उम्मीदवारों का फिजिकल परीक्षण के बाद रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। एक माह प्रशिक्षण के बाद 65 वर्ष तक नौकरी दी जाएगी। वेतन सुरक्षा जवान के लिए 14 हजार से 24 हजार, सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 15 हजार से 35 हजार तथा सुरक्षा अधिकारी के लिए 27 हजार से 35 हजार तक रहेगा। पीएफ पेंशन, ग्रेच्युटी, बीमा, वार्षिक वेतन वृद्धि, आवास और मैस सुविधा भी शामिल होंगी। प्रशिक्षण के बाद अभ्यर्थियों को औद्योगिक क्षेत्र, मल्टीनेशनल सेक्टर, चित्तौड़गढ़ किला, कुम्भलगढ़ किला, मेट्रो, हवाई अड्डा और बंदरगाह जैसे क्षेत्रों में नियुक्ति दी जाएगी।

ज़िला स्तरीय बैंकिंग समन्वय समिति की बैठक 26 नवंबर को

भीलवाड़ा(निसं)। ज़िला स्तरीय समीक्षा समिति एवं ज़िला स्तरीय बैंकिंग समन्वय समिति की बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में 26 नवंबर को सायं 5 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी मुख्य प्रबंधक अशोक कुमार पाण्डेय ने दी।

आम सूचना

मैसर्स मैसर्स पिताम्बरा ग्रेनाइट्स पता C/O राघव मार्बल के पास ग्रेनाईट जोन, कालीडुंगरी, तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर भागीदारी फर्म है, जिसका फर्म रजि, नम्बर 17/01/172/2016 दिनांक 29 जनवरी 2016 है। यह है कि पूर्व में इस फर्म में हम तीन भागीदार थे। जो की (1) श्रीमति मीनू यादव (2) श्रीमति कविता बंसल (3) श्री रवि विजयवर्गीय है। दिनांक 01 अप्रैल 2025 से श्री रवि विजयवर्गीय स्वेच्छा से फर्म से रिटायर्ड हो रहे है और दिनांक 01 अप्रैल 2025 से श्री मनोज यादव फर्म में नये भागीदार के रूप में शामिल हो रहे है। जिसमे हम सभी भागीदारो की सहमति है। (1) श्रीमति मीनू यादव (2) श्रीमति कविता बंसल (3) श्री मनोज यादव। इस आम सुचना में अगर किसी को आपति हो तो सुचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र अजमेर में सुचित करे, अन्यथा बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। -श्रीमति कविता बंसल, पीतांबरा ग्रेनाइट्स

आम सूचना

सर्व आम को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री महेन्द्र कुमार टांक निवासी राजारेड़ी, मदनगंज-किशनगढ़, राजकुमार टांक पुत्र श्री महेन्द्र कुमार टांक की जन्मदाता माता होकर उनकी हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के प्रावधानों अनुसार प्रथम श्रेणी की मृतक की पत्नी एवं पुत्री के साथ समअनुपात की विधिक उत्तराधिकारी है। अत: सर्वआम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त राजकुमार टांक की समस्त अचल सम्पतिया, कृषि-भूमि, आवासीय प्लाट आदि के बाबत् कोई भी व्यक्ति मेरी अभिभाष्या की सहमति के बिना कोई संव्यवहार नही करे। ऐसा संव्यवहार कानूनन मान्य नही है। जिसके लिये वह सम्बन्धित संव्यहवारकर्ता ही पूर्णत: दायित्वाधीन रहेगा। भवदीय-एडवोकेट इन्द्रेश के. रामचन्दानी

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.पा.वि./निमार्ण स्वी./2025/4475 आम सुचना दिनांक: 3-11-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।-

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
136	कालूराम सेन पुत्र बिरदीचन्द सेन	राधाकृष्ण कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 3953/3956 भू.सं. 11 का उत्तरी हिस्सा प्रा. प्लाट नं. 11-ए	66.91 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/नामान्तरण/2025/2257 आम सूचना दिनांक: 25-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा सं. 417/5, 417/6 पर स्थित आवासीय (भूखंड सं. 50 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज) पर श्री विनोद शर्मा पुत्र श्री कमल किशोर ने आवेदन प्रस्तुत कर हस्तान्तरण चाहा गया है।

उक्त भूखंड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- 15 फीट की गली पश्चिम में- भूखण्ड संख्या 43 (किशनगोपाल का मकान)

उत्तर में- भूखण्ड संख्या 49 दक्षिण में- भूखण्ड सं. 51 (रामेश्वरजी पारीक का मकान)

अत: उक्त नामान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक: 1655 जाहिर आम सूचना दिनांक-25-11-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-क-32, अजयनगर, अजमेर क्षेत्रफल 228.00 व.गज मूल आवंटी श्रीमती पार्वती पत्नि श्री जेठानन्द को आंवटित कर दिनांक 6.2.1978 को मकान का भौतिक कब्जा सौंप गया था। श्रीमती पार्वती पत्नि श्री जेठानन्द द्वारा दिनांक 29.8.1990 को आवास का